दैनिक भास्कर रायगढ़ भास्कर 08-04-2021

विश्व स्वास्थ्य दिवस • "आओ स्वस्थ दुनिया बनाएं" थीम पर जेएसपीएल फाउंडेशन ने लोगों को स्वास्थ्य के प्रति किया गया जागरूक

गांवों में सेवाएं दे रहीं स्वास्थ्य संगिनियों का किया सम्मान

- बच्चों को अच्छी नींद ध्यान, योग, पौष्टिक आहार की दी जानकारी

भास्कर न्यूज | रायगढ़

विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जेएसपीएल फाउंडेशन द्वारा जागरूकता के लिए "आओ स्वस्थ दुनिया बनाएं" थीम पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। साथ ही गांव—गांव में फ्रंटलाइन वारियर्स के रूप में काम कर रहीं जेएसपीएल फाउंडेशन की स्वास्थ्य संगिनियों का सम्मान भी किया गया। "स्वास्थ्य ही धन है स्वास्थ्य ही जीवन है" के नारे को सार्थक बनाने के उद्देश्य से जेएसपीएल फाउंडेशन द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जेएसपीएल फाउंडेशन के माध्यम से वात्सल्य परियोजना के तहत गांवों में अपनी सेवाएं दे रहीं स्वास्थ्य संगिनियों के सम्मान के लिए फोर्टिस ओपी जिंदल अस्पताल में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



स्वास्थ्य संगिनियों के सम्मान समारोह में उपस्थित अधिकारी एवं अफसर।

सभी स्वास्थ्य संगिनियों को प्रशस्ति पत्र के साथ सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में जेएसपीएल के उपाध्यक्ष संजीव चौहान ने गांव-गांव में लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और उन्हें जरूरी सेवाएं उपलब्ध कराने में मदद करने में स्वास्थ्य संगिनियों के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस कठिन दौर में विश्व स्वास्थ्य दिवस का महत्व और भी बढ़ जाता है। जेएसपीएल फाउंडेशन अपने सामाजिक उत्तरदायित्व का पूरी प्रतिबद्धता से निर्वहन कर रहा है। कार्यक्रम में फोर्टिस ओपी जिंदल अस्पताल के सीओओ डॉ. मेजर राजेश्वर भाटी रि. ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य दिवस हमें याद दिलाता है कि बीमार होने के बाद इलाज कराने की बजाय हमें बीमारी से पहले ही खुद इससे बचाव के प्रति सजग रहने की कोशिश करनी चाहिए। मेडिकल सुप्रिटेंडेंट डॉ लेफ्टिनेंट कर्नल अनिल कुमार गुप्ता रि. ने कोविड-19 महामारी से बचाव के संबंध में विस्तार से जानकारी दिया। इसके अलावा आशा दी होप के विशेष बच्चों को अच्छी नींद, ध्यान, योग, व्यायाम, पौष्टिक आहार, स्वच्छता एवं सकारात्मक सोच के महत्व के संबंध में जानकारी देने के लिए ऑनलाइन सेमिनार का आयोजन किया गया।